# व्यवसायिक प्रबंधन में स्नातक
# (बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य
2026–27

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जुलाई 2026 से 30th जून 2027

पंचम सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

# व्यवसायिक प्रबंधन में स्नातक
# (बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य
2026—27

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, आपको प्रत्येक अवधि में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य करना होगा ।

हम एक साथ **BCOE-142 और BMP-002** सत्रीय कार्य भेज रहे हैं ।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।
2. वे छात्र जो जून 2027 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2027 तक जमा करवाना होगा।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. ई. -142** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **प्रबंधन लेखांकन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ. ई.-142 /टी. एम. ए./2026- 27** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड – क**

1. प्रबंधन लेखांकन का प्रकृति और कार्यक्षेत्र पर चर्चा कीजिए। **(10)**

2. निम्नलिखित विवरणों के आधार पर विभिन्न उत्तोलन अनुपात (Leverage ratio) की गणना कीजिए। (10) **(10)**

| **देयताएँ (Liabilities)** | **राशि (रु.)** | **परिसंपत्तियाँ (Assets)** | **राशि (रु.)** |
|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूंजी | 40,000 | भूमि | 22,000 |
| 8% वरीयता (प्रेफरेंस) शेयर पूंजी | 20,000 | भवन | 24,000 |
| आरक्षित निधि | 10,000 | संयंत्र एवं मशीनरी | 38,000 |
| लाभ एवं हानि खाता | 5,000 | फर्नीचर | 5,000 |
| 10% डिबेंचर | 45,000 | देयकर्ता (संड्री डेटर्स) | 22,000 |
| व्यापारिक देनदार | 9,000 | भंडार (स्टॉक) | 13,000 |
| बकाया व्यय | 2,000 | पूर्वभुक्त व्यय (प्रीपेड) | 2,000 |
| नगद | 14,000 | | |
| कर हेतु प्रावधान | 3,000 | | |
| प्रस्तावित लाभांश | 6,000 | | |
| **कुल** | 1,40,000 | **कुल** | 1,40,000 |

3. प्रत्यक्ष श्रम लागत विचरण से आप क्या समझते हैं? किसी उपयुक्त उदाहरण की सहायता से समझाइए। **(10)**

4. प्रबंधकीय निर्णयन में सीमांत लागत लेखांकन के उपयोगों की व्याख्या कीजिए। **(10)**

5. “विक्रय एवं उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि से लाभ में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होती है”। व्याख्या कीजिए। **(10)**

**खण्ड – ख**

6. कच्चे माल X तथा Y से निर्मित एक उत्पाद का निम्नलिखित मानक मिश्रण दिया गया है: **(6)**

मानक मिश्रण (Standard mix):

| **सामग्री (Material)** | **मात्रा** | **मूल्य (रु.)** | **राशि (रु.)** |
|---|---|---|---|
| A | 2 | 2.00 | 4.00 |
| B | 8 | 1.00 | 8.00 |
| | 10 | | 12.00 |

वास्तविक मिश्रण (Actual mix):

| सामग्री (Material) | मात्रा | मूल्य (रु.) | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| A | 8 | 2.00 | 16.00 |
| B | 4 | 1.25 | 5.00 |
| | 12 | | 21.00 |

निर्धारित जानकारी के आधार पर सामग्री मिश्रण विचलन की गणना कीजिए।

**7.** वित्तीय विवरण क्या हैं? निर्णयन के उद्देश्य से ये कितने उपयोगी हैं, समझाइए। **(6)**

**8.** विक्रय बजट क्या है? इसे कैसे तैयार किया जाता है, समझाइए। **(6)**

**9.** "बजट एक माध्यम है और बजटीय नियंत्रण अंतिम परिणाम है" — इस कथन की व्याख्या कीजिए। **(6)**

**10.** मानक लागत लेखांकन के लाभ तथा सीमाओ की व्याख्या करते हुए एक विस्तृत नोट लिखें। **(6)**

## खण्ड – ग

**11.** निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए: **(5x2)**

क) लागत नियंत्रण और लागत में कमी

ख) स्थाई बजट (Fixed Budget) और लोचदार बजट (Flexible Budget)

**12.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: **(5x2)**

क) बजटीय नियंत्रण

ख) विभेदक लागत (Differential Costing)